दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 275 | इंदौर, शनिवार 15 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- COVID-19: भारत में 24 घंटे में कोरोना के करीब 11 हजार नए मामले, एक्टिव केस 53 हजार के पार
- जलवायु परिवर्तन: PM मोदी बोले- अकेले कॉन्फ्रेंस रूम से नहीं लड़ा जा सकता, हर घर में खाने की टेबल पर लड़ना होगा
- Bihar Caste Census 11 : इस श्रेणी के ब्राह्मण कह रहे भूमिहार कोई जाति नहीं, आज से हो रही जातीय जन-गणना
- Sanjay Raut: 'एनसीपी को तोड़ने की हो रही कोशिश.. भाजपा गैंग चला रही है', संजय राउत ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप
- Japan: प्रधानमंत्री किशिदा पर भाषण के दौरान फेंका गया पाइप बम, धमाके से बाल-बाल बच निकले
- Odisha: ओडिशा के संबलपुर में कर्फ्यू लागू, हनुमान जयंती की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा
- Bihar : कल 2 की मौत में शराब बता रहे थे लोग, अब संख्या हुई 7; प्रशासन डायरिया बता रहा मगर...
- Asad Ahmed Funeral Live: असद को सुपुर्द-ए-खाक किया गया, शूटर गुलाम हसन भी दफनाया गया
- जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सभा में धमाका, बाल-बाल बची जान; हमलावर पकड़ा गया

## ग्वालियर-जबलपुर समेत 13 शहरों में पारा

# 40 डिग्री पार

## प्रदेश में 4 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान, 15 अप्रैल से मौसम का फिर बदलेगा मिजाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश में अब तेज गर्मी पड़ना शुरु हो गई है। ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 13 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। राजगढ़ में चौथे दिन तापमान सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन गर्मी के तेवर तीखे रहने की संभावना जताई है। 15 अप्रैल से मौसम फिर बदलेगा और बादल छा जाएंगे। बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे हीट वेव नहीं चलेगी।



गुरुवार को सूरज के तीखे तेवर देखने को मिले थे। भोपाल सीजन में सबसे गर्म रहा था। यहां पारा 39.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, इंदौर में 38.6, ग्वालियर में 40 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। ग्वालियर में भी पहली बार पारे ने 40 डिग्री को छू लिया। पिछले तीन दिनों से देश में सबसे गर्म चल रहे राजगढ़ में पारा गुरुवार को थोड़ा लुढ़क गया। यहां 1.2 डिग्री की गिरावट हुई। तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को यहां तापमान 43 डिग्री था। बाकी शहरों में तापमान 40 डिग्री के नीचे ही रहा। शुक्रवार को तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना है।

### नर्मदापुरम-रायसेन में सबसे ज्यादा पारा

मध्यप्रदेश की रातें भी गर्म है। सबसे ज्यादा पारा नर्मदापुरम और रायसेन में है। गुरुवार-शुक्रवार की रात में यहां पर पारा 25.6 डिग्री तक पहुंच गया। भोपाल में 24.9, दमोह में 24.5, राजगढ़-सीधी में 24.4, इंदौर में 24.3, सतना में 24, रतलाम-सागर में 23.6, जबलपुर में 23.4, गुना में 23, छिंदवाड़ा में 22.3, उज्जैन 22.2 और ग्वालियर में तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रीवा, धार और पचमढ़ी को छोड़ दें तो बाकी शहरों में पारा 20 डिग्री या इससे ज्यादा ही रहा। राजधानी भोपाल में एक ही रात में 3.1 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। इसी तरह नर्मदापुरम में 3.2, इंदौर में 3.4, राजगढ़ में 2.7, उज्जैन में 3.2, छिंदवाड़ा में 2.1, दमोह में 2.4, सीधी में 2.4 डिग्री तापमान की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### इसलिए गर्मी का असर बढ़ा

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अप्रैल में अब तक मौसम में बदलाव देखने को मिला है। ट्रफ लाइन के गुजरने, चक्रवात का असर और पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से तापमान ज्यादा नहीं बढ़ा, लेकिन अब आसमान साफ हो गया है। इससे सूरज की रोशनी सीधे जमीन पर पड़ रही है। ये स्थिति अगले दो-तीन दिन रहेगी।

### 15 अप्रैल से बदलेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में 15 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा। इससे वहां पर तापमान में गिरावट होगी। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा। वहां से हीट वेव नहीं आएगी। इससे अनुमान है कि 20 अप्रैल तक हीट वेव नहीं चलेगी।

# सरकार 21 मई से बुजुर्गों को कराएगी
# हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा

**● 21 मई से 19 जुलाई तक 25 जिलों के 800 बुजुर्गों को मिलेगा लाभ**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश सरकार धर्मप्रेमी बुजुर्गों को चुनावी साल में एक और बड़ी सौगात देने जा रही है। मध्य प्रदेश में बुजुर्गों को 21 मई 2023 से हवाई जहाज से तीर्थ दर्शन कराने की योजना शुरू होगी। मध्य प्रदेश हवाई जहाज से तीर्थ दर्शन कराने वाला पहला राज्य होगा। इसके लिए धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने आदेश जारी कर दिये। पहले चरण में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नियमित विभाग सेवा के वायुयान से तीर्थ यात्रा 21 मई से 19 जुलाई तक कराई जाएगी।

### पति-पत्नी साथ नहीं जा सकेंगे

यात्रा के लिए चयन एवं पात्रता संबंधी शर्तें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नियम-2012 एवं उसमें किए संशोधनों के अनुसार ही रहेंगी। लेकिन हवाई जहाज द्वारा तीर्थ यात्रा के लिए प्रथम चरण में केवल 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक (जो आयकरदाता नहीं हैं) आवेदन कर सकेंगे, लेकिन यात्रा में उन्हें सहायक की पात्रता नहीं रहेंगी। अधिकतम परिवारों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से एक परिवार से एक ही व्यक्ति को पात्रता होगी। पति-पत्नी दोनों या समूह में यात्रा की पात्रता नहीं रहेंगी।

### एक फ्लाइट में 32 यात्री जाएंगे

प्रत्येक वायुयान में 33 सीटे उपलब्ध रहेगी। इन सीटों में 32 पर तीर्थ यात्री और एक एस्कार्ट के रूप में शासकीय अधिकारी को भेजा जाएगा। साथ ही आईआरसीटीसी की तरफ से एक टूर मैनेजर भी यात्रा करेगा। यात्री अपने साथ अधिकतम 15 किग्रा वजन के चेन इन बैग एक नग और 7 किग्रा वजन वाले हैंड बैग 115 सेंमी लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई वाला ले जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त सामान पर शुल्क देना होगा, जिसका भुगतान तीर्थ यात्री को एयरपोर्ट पर करना होगा।

### कलेक्टर की यह रहेंगी जिम्मेदारी

संबंधित जिले के तीर्थ यात्रियों को एयरपोर्ट तक पहुंचाने और यात्रा के बाद एयरपोर्ट से जिले तक लाने-ले जाने की व्यवस्था कलेक्टर करेंगे। उनको नाश्ता-पानी की व्यवस्था करेगा। वहीं, एयरपोर्ट से तीर्थ स्थल लाने-ले जाने तक भोजन, नाश्ता समेत अन्य व्यवस्था आईआरसीटीसी की तरफ से की जाएगी। यात्रियों को एयरपोर्ट पर वायुयान के उड़ान भरने के समय से तीन घंटे पहले पहुंचना होगा। इसके प्रति चार घंटे बाद तीर्थ यात्रियों की कुशलता की जानकारी वायुयान में उपलब्ध एस्कार्ट जिला कलेक्टर और नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे।

### कम्प्युटराइज्ड लॉटरी से होगा चयन

यदि जिले में आवंटित सीट से अधिक आवेदन यानी 32 सीट के कोटे से अधिक आते है तो फिर कम्प्युटराइज्ड लॉटरी से चयन किया जाएगा। हवाईजहाज से तीर्थ यात्रा के लिए पहले ट्रेन से तीर्थ दर्शन करने वाले बुजुर्ग भी पात्र होंगे। तीर्थ यात्रियों की निर्धारित पात्रता का परीक्षण किया जाएगा। तथ यात्रा से 25 दिन पूर्व चयनित यात्रियों की आधार कार्ड के नाम आधारित सूची मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एवं प्रबंधक आईआरसीटीसी को उपलब्ध कराई जाएगी, जो हवाई जहाज का टिकट बनवाएंगे।

### इन जिलो से जाएंगे यात्री

21 मई से 19 मई के बीच 25 फ्लाइट भोपाल और इंदौर एयरपोर्ट से रवाना होगी। इसमें तीर्थ यात्रा की अवधी तीन से पांच दिन की स्थल होगी। भोपाल से प्रयागराज, बैतूल-मुथुरा-वृंदावन, आगर-मालवा से शिर्डी, देवास से शिर्डी, खंडवा से गंगासागर, हरदा से प्रयागराज, मंदसौर से शिर्डी, नर्मदापुरम से मथुरा-वृंदावन, नीमच से शिर्डी, बड़वानी से गंगासागर, इंदौर से गंगासागर, दमोह से प्रयागराज, बुरहानपुर से गंगासागर, रतलाम से शिर्डी, शाजापुर से शिर्डी, सागर से मथुरा-वृंदावन, उज्जैन से शिर्डी, विदिशा से प्रयागराज, अलीराजपुर से शिर्डी, राजगढ़ से मथुरा-वृद्रावन, धार से शिर्डी, रायसेन से प्रयागराज, झाबुआ से शिर्डी।

## इंदौर के डॉक्टर्स का नाम सम्मिलित करने हेतु श्राइन बोर्ड को लिखा पत्र

**महापौर ने इंदौर का नाम नहीं होने पर ली कड़ी आपत्ति**

**इंदौर।** महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा यात्रियों के मेडिकल चेकअप और सर्टिफिकेट हेतु डॉक्टर की सूची जारी की गई है! उक्त सूची में इंदौर तथा इंदौर के डॉक्टर्स को सम्मिलित नहीं किया गया है!

जिस पर महापौर श्री भार्गव द्वारा कड़ी आपत्ति लेते हुए श्राइन बोर्ड को पत्र लिखकर मांग की गई है कि इंदौर से हजारों यात्री प्रत्येक वर्ष अमरनाथ यात्रा में सम्मिलित होकर बाबा अमरनाथ के दर्शन करने जाते हैं किंतु अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मेडिकल चेक अप व सर्टिफिकेट हेतु जारी सूची में इंदौर तथा इंदौर के डॉक्टर का नाम सम्मिलित नहीं होने के कारण इंदौर से जाने वाले यात्रियों व श्रद्धालुओं गणों को कठिनाई का सामना करना पड़ेगा तथा कई श्रद्धालु यात्रा व दर्शन लाभ से वंचित रह जाएंगे! महापौर द्वारा श्राइन बोर्ड को पत्र लिखकर मांग की गई है इंदौर में इंदौर के डॉक्टर का नाम सम्मिलित कर तत्काल संशोधित सूची जारी की जाए! विदित हो कि अमरनाथ यात्रा के लिए यात्रियों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होता है तथा रजिस्ट्रेशन तभी होता है जब डॉक्टर से मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है! सूची में इंदौर के सम्मिलित नहीं होने से श्रद्धालुओं को इधर-उधर भटकना पड़ेगा तथा कई श्रद्धालु यात्रा से वंचित रह जाएंगे !

## रुकमणी नगर में रोक के बावजूद प्लाट की रजिस्ट्री

**मामला लोकायुक्त तक पहुंचा, दोषी पर होगी कार्रवाई**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** छोटा बांगड़दा स्थित रुकमणी नगर में शासन द्वारा प्लाटों की खरीदी और बिक्री पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद प्लाट की रजिस्ट्री हो गई। जिसकी शिकायत मय प्रमाण सहित लोकायुक्त को की गई है। जांच में दोषी पाए गए लोगों पर कार्रवाई होगी।

मिली जानकारी के अनुसार मामला यह है कि वार्ड क्रमांक 14 स्थित छोटा बांगड़दा रोड पर रुकमनीनगर कॉलोनी है। इस कालोनी को विश्वास ग्रह निर्माण सहकारी संस्था के मार्फत अध्यक्ष रामसुमिरन कश्यप द्वारा विकसित किया गया था। उक्त कॉलोनी में प्लाटों की खरीदी और बिक्री में हेराफेरी के चलते शासन ने खरीदी और बिक्री पर रोक लगा दी थी। लेकिन बता जाता है कि 7 फरवरी को पंजीयक विभाग से सांठगांठ कर रजिस्ट्री करवा ली गई। यह रजिस्ट्री नियम विरुद्ध सपना बैरागी पति कमलेश बैरागी एवं कमलेश बैरागी पिता प्रेमदास बैरागी निवासी वार्ड क्रमांक 2 महात्मा गांधी मार्ग बड़वाह जिला खरगोन ने मधु ठाकुर पति महेश ठाकुर निवासी 8/3,जेल रोड, इंदौर के पक्ष मे की है। रुक्मणी नगर स्थित मकान नं 338 का अवैध रुप से विक्रय पत्र क्रमांक एम पी 179092023-ए-11448796 का निष्पादन किया गया है। इस पूरे मामले की शिकायत हरीश पिता मिश्रीलाल भावसार निवासी सुविधि नगर ने स-प्रमाण लोकायुक्त से की है। जिस पर छानबीन शुरू हो गई है और दोषियों पर कार्रवाई होगी।

**तीन दिवसीय पत्रकारिता महोत्सव का आगाज**

## विजयवर्गीय बोले मीडिया ने किया है मेरा शिकार

**मीडिया और समाज : दरकता विश्वास और कार्टून की चुनौतियों पर हुआ मंथन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शुक्रवार को स्टेट प्रेस क्लब मध्यप्रदेश के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का आगाज हुआ। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मीडिया ने कई बार मेरा शिकार किया है। आप सभी जो यहां बैठे हैं मेरे शिकारी है। इस महोत्सव के पहले दिन एक तरफ जहां मीडिया और समाज : दरकता विश्वास विषय पर मंथन किया गया, तो वहीं दूसरे सत्र में कार्टून की चुनौतियों पर भी मंथन हुआ।

तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का शुभारंभ आज सुबह रविंद्र नाट्य ग्रह में किया गया। पहले सत्र में समाज और मीडिया दरकता विश्वास विषय पर मंथन किया गया।इस सत्र में पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ पत्रकार ओम थानवी ने कहा कि आज के वक्त में जो विषय चर्चा का केन्द्र है उसी पर चर्चा हो रही है। दरकते विश्वास में समाज के साथ संविधान को भी जोड़ देना चाहिए। आपातकाल में भी संविधान पर आंच आई थी। इस समय ऐसी कोई घोषणा नहीं हुई है फिर भी ऐसा माहौल है जिसमें अपनी बात कहना आसान नहीं है। भय का माहौल बना हुआ है। पत्रकारों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया। कई लोग गिरफ्तार हुए। उन्हें डराया गया। फिर भी अभी हम कहें कि अभिव्यक्ति खतरे में नहीं है, तो गलत है। वर्तमान दौर भयावह है। उस पर सोचा जाना चाहिए। पत्रकार की आजादी समाज की आजादी है। विश्वास इसलिए दरक रहा है क्योंकि मीडिया कुछ करने की स्थिति में नहीं है। अडानी के मामले में भी सत्ता के डर से चुप है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य जयशंकर गुप्त ने कहा कि देश में मीडिया की स्थिति पर तो बहुत चर्चा होती है लेकिन न्यायपालिका पर कभी चर्चा नहीं होती है। मीडिया सवाल बहुत करता है, यह पत्रकारिता का पहला धर्म है। सवाल उससे करना है जो जवाब देने के लायक हो। आज मीडिया सवाल विपक्ष से करता है, सरकार से नहीं। मंत्री से सवाल पूछने पर उत्तर प्रदेश में पत्रकार की गिरफ्तारी हो जाती है। सामूहिक नकल का भंडाफोड़ करने वाले पत्रकार को जेल भेज दिया जाता है। आज पत्रकार 3 समूह में बंटा है। इसमें एक समूह सरकार को बचाने के लिए लगा रहता है तो दूसरा समूह सरकार के खिलाफ काम करने में लगा रहता है और तीसरा समूह सिस्टम की खराबी को उजागर करता है। हमारा आज का मीडिया गजब का है।

भारत एक्सप्रेस के प्रबंध संचालक उपेन्द्र राय ,वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ,नई दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार कुमार राकेश ,प्रदेश टुडे मीडिया समूह के प्रबंध संचालक वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश दीक्षित ,संवाद एजेंसी यू एन आई के सचिन बुधौलिया ने भी अपने विचार रखे।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एक प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल, नवनीत शुक्ला ,सुदेश तिवारी ,संजीव आचार्य, मनोहर लिंबोदिया, रवि चावला, सोनाली यादव, गगन चतुर्वेदी, संजीव श्रीवास्तव, प्रीति भारद्वाज, राकेश द्विवेदी, डॉक्टर आरके जैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन आकाश चोकसे ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन संजीव श्रीवास्तव ने किया।

**चिकित्सा के अविष्कार पर आधारित ...**

## पुस्तक संभव का स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** वर्ल्ड होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने इस पुस्तक संभव का विमोचन किया। इंदौर ही नहीं मध्य भारत के मशहूर होम्योपैथी चिकित्सक प्रोफेसर डॉक्टर अर्पित चोपड़ा जैन ने अपने 20 वर्षों के चिकित्सकीय अनुभव एवं रिसर्च के आधार पर लेने में सरल ,शीघ्र असरकारक ,हानि रहित, परहेज रहित, और किफायती सुपर स्पेशलिटी मॉडर्न होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का अविष्कार किया। साथ ही होम्योपैथी के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों और मिथकों को दूर करने के उद्देश्य से प्रोफेसर डॉक्टर जैन ने इन्हीं 300 तरह की अलग-अलग बीमारियों तथा उनसे ठीक हुए पेशेंट्स के सुपर स्पेशलिटी मॉडर्न होम्योपैथी चिकित्सा के पूर्व एवं बाद के सभी पैथोलॉजी रिपोर्ट, डाक्यूमेंट्स, और पेशेंस के स्टेटमेंट डिजिटल रिकॉर्ड करके सुरक्षित किया



और आने वाली होम्योपैथिक चिकित्सकों की पीढ़ी के लिए उसे मानक के रूप में स्थापित करने हेतु एक विशेष पुस्तक संभव का प्रकाशन किया। जिसमें 20 सेगमेंट में लगभग 300 बीमारियों को समाहित कर इन रिकॉर्ड को प्रतीकात्मक रूप से इस पुस्तक में समाहित किया गया है। पुस्तक के विमोचन उपरांत डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने डॉक्टर अर्पित चोपड़ा को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और कहा यह जो भविष्य की होम्योपैथी के लिए आपने दस्तावेजों का संग्रहण कर आने वाले चिकित्सकों के लिए नया मार्ग प्रशस्त किया है निश्चित अनुकरणीय है और इसके लिए आप की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं निश्चित ही इस पुस्तक से आने वाले होम्योपैथिक चिकित्सकों को नई दिशा और शिक्षा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेंद्र महंत एवं अन्य गणमान्य नागरिक विशेष रूप से मौजूद थे पुस्तक का लेखन एवं संपादन वरिष्ठ पत्रकार विजय कौशिक ने किया है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



# यूनिवर्सिटी में भी होंगे लोकपाल

● छात्रों की फीस, मूल्यांकन में गड़बड़ी जैसी शिकायतों की सुनवाई करेंगे, 30 दिन में करना होगा समाधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । अब यूनिवर्सिटी में भी लोकपाल नियुक्त होंगे। ये स्टूडेंट्स की ऐसी शिकायतों का समाधान करेंगे, जिनका हल शिकायत निवारण कमेटी नहीं खोज पा रही है। यह छात्रों से जुड़े मामलों की सुनवाई भी करेंगे। इस समय सीएम हेल्पलाइन में ही छात्रों की 200 से 250 शिकायतें पेंडिंग हैं।**

पूर्व कुलपति, रिटायर प्रोफेसर जिन्होंने डीन, एचओडी के रूप में काम किया हो और उनके पास स्टेट, सेंट्रल या राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में काम करने का अनुभव रहा हो, ऐसे ही व्यक्ति की लोकपाल के पद पर नियुक्ति होगी। यूजीसी ने इस संबंध में गाइडलाइन भी जारी कर दी है। इसे शिकायत विनियम 2023 कहा जाएगा।

## कॉलेजों में एसजीआरसी से करनी होगी शिकायत

किसी भी यूनिवर्सिटी और उससे संबद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के साथ ही इनमें एडमिशन लेने के इच्छुक छात्रों की शिकायत के निवारण के लिए लोकपाल नियुक्त किया जाना अनिवार्य किया गया है। किसी भी कॉलेज से संबंधित पीड़ित छात्र को अपनी शिकायत छात्र शिकायत निवारण समिति (एसजीआरसी) में करना होगी। कॉलेज में सीनियर प्रोफेसर इसके अध्यक्ष होंगे। चार प्रोफेसर सदस्य रहेंगे। अध्यक्ष का कार्यकाल दो साल का होगा।

## यहां मदद करेंगे लोकपाल

अगर पीड़ित छात्र एसजीआरसी के निर्णय के विरुद्ध अपील करेगा तो उसकी सुनवाई लोकपाल करेगा। लोकपाल परीक्षा के संचालन, मूल्यांकन में गड़बड़ी आदि की जांच भी करवा सकता है। छात्रों द्वारा भेदभाव संबंधी शिकायतों की सुनवाई के लिए न्याय मित्र भी रहेंगे। लोकपाल को पीड़ित छात्रों से अपील प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर शिकायतों का समाधान करना होगा।

## हर साल 1000 शिकायतें करते हैं छात्र

सुनवाई का संचालन करने के लिए लोकपाल को संबंधित यूनिवर्सिटी द्वारा तय नियमों के अनुसार प्रतिदिन प्रति बैठक के आधार पर फीस का भुगतान करना होगा। इसी के साथ वे यात्रा पर किए खर्च की प्रतिपूर्ति के भी पात्र होंगे। सीएम हेल्पलाइन में हर साल कॉलेज छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की 1000 से ज्यादा शिकायतें की जाती है।

## यह भी रहेगा खास, तैयार करना होगा ऑनलाइन पोर्टल

यूजीसी ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक संस्थान को ऑनलाइन पोर्टल तैयार करना होगा। जहां कोई भी पीड़ित छात्र अपनी शिकायत के निवारण के लिए आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत प्राप्त होने पर संस्थान 15 दिन के भीतर अपनी टिप्पणी सहित उस शिकायत को एसजीआरसी के पास भेजेगा। इसके बाद समिति सुनवाई के लिए तारीख तय करेगी। अगर समिति इसका समाधान नहीं करती तो इसे लोकपाल को भेजा जाएगा। अगर शिकायत झूठी पाई जाती है तो लोकपाल शिकायतकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश भी कर सकता है।

# महाकाल की नगरी में आस्था का सैलाब

## तपती दोपहरी में गठरी लादे 5 दिन पैदल चलेंगे लाखों भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में आस्था का सैलाब,तपती दोपहरी में गठरी लादे 5 दिन पैदल चलेंगे लाखों भक्त... उज्जैन में प्रतिवर्ष होने वाली पंचकोशी यात्रा 15 अप्रैल से शुरू होकर 20 अप्रैल को समापन होगा। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी एक दिन पहले ही श्रद्धालु पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुंचे । यहां से पूजन अर्चन कर कुछ लोग तो दोपहर 12 बजे तक पहले पड़ाव पर भी पहुंच गए हैं।**

पंचकोशी यात्रा वैशाख महीने की कृष्ण दशमी से प्रारम्भ होकर अमावस्या को समापन तक होती है। प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग व पड़ाव, उप पड़ाव स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को पंचकोशी यात्रियों के लिये मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इधर, भीषण गर्मी में 118 किमी की पैदल यात्रा शुक्रवार से ही शुरू हो गई, जबकि इसे विधिवत शनिवार से प्रारम्भ होना है। यात्रा में प्रदेश भर के श्रद्धालु शामिल होंगे। सिर पर खाने और पीने के सामान की गठरी और भजन मंडली के साथ यात्रा में करीब 2 लाख लोग पहुचेंगे। अलग-अलग दिन पांच पड़ाव पर रहकर आराधना करते दाल बाटी का आनंद लेते हुए यात्रा उज्जैन आकर समाप्त होगी। खास है कि यात्रा में बच्चे बुजुर्ग महिला पुरुष सभी शामिल होते हैं। 118 किमी तक पैदल ही चलते हैं।

### ● नारियल चढ़ाकर लिया बल

यात्रा के लिए एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का कारवां अल सुबह से नागचंद्रेश्वर मंदिर में नारियल चढ़ाकर बल लेने पंहुचा था। मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन मात्र से श्रद्धालु को 118 किमी तपती गर्मी में पैदल चलने का बल मिलता है। यात्रा के समापन में अमावस्या पर सभी लोग दोबारा दर्शन कर बल लौटाने आते हैं।

### ● यात्रा में आने वाले पड़ाव और मंदिर

यात्रा में मुख्य पड़ाव पूर्व द्वार पर पिंगलेश्वर माना जाता है। पंचक्रोशी यात्रा का यह पहला पड़ाव है। पंचक्रोशी यात्रा में पिंग्लेश्वर ,करोहन,नलवा,अम्बोदिया,केडी पैलेस, जेथल और उडासा पड़ाव होंगे। कुल पांच पड़ाव और दो उप पड़ाव में श्रद्धालु आराम कर सकेंगे। पांच दिवस की पंचकोशी यात्रा का पुण्यफल अवंति में वास में करने का अधिक है। इसके साथ ही प्रमुख मंदिरों में 1. पिंगलेश्वर, 2 कायावरोहणेश्वर, 3. विल्वेश्वर, 4. दुर्धरेश्वर, 5. नीलकंठेश्वर हैं। यहाँ पर भगवान के पूजन अर्चन कर श्रद्धालु भगवान से आशीर्वाद लेते हैं।

# गैस सिलेंडर से चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

## ग्राहकों को लगाते थे चुना, गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। यदि आपके घर का गैस सिलेंडर जल्दी खत्म हो रहा है तो सावधान हो जाइए। हो सकता है कि आपके गैस सिलेंडर में दी जाने वाली गैस पहले ही चोरी की जा चुकी है। रतलाम में पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह को पकड़ा है। जो गैस एजेंसी से आपके घर सप्लाई होने वाले सिलेंडरो से बीच में ही गैस चोरी करता था। खाद्य विभाग और पुलिस ने कार्रवाई कर इस गिरोह के चार सदस्यों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए इस गिरोह के 2 सदस्य निजी गैस एजेंसी में काम करने वाले बताए जाते हैं । जो एजेंसी के सिलेंडरों से गैस चुराकर, गैस टंकी को ग्राहकों के घर पहुंचा देते थे और किसी को भी शक नहीं होता था।

दरअसल इस मामले का खुलासा तब हुआ जब मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर खाद्य विभाग और औद्योगिक थाना पुलिस की टीम ने मुखर्जी नगर क्षेत्र के एक घर पर दबिश दी । घर में रखे गए 40 से ज्यादा सिलेंडरों में से गैस की चोरी की जा रही थी । ये चोरी इतनी सफाई से की जा रही थी कि किसी को भी कोई शक ना हो। गिरोह के सदस्य बड़ी सफाई से सिलेंडरों की सील निकालकर उसमें से 3 से 4 किलो तक गैस आसानी से निकाल कर उसे वापस पैक कर देते थे । इसके बाद उनके सिलेंडरों को ग्राहकों को सप्लाई कर दिया जाता था।

बहरहाल खाद्य विभाग और पुलिस की टीम इन चारों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जिससे कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है । पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि आखिर कब से यह गिरोह गैस टंकी में से गैस चुराने का काम करता था और किसे यह चोरी की गैस बेची जा रही थी।

### रेत से भरे 17 वाहनों को ग्रामीणों ने रास्ते में रोका

बैतूल। बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी विकासखंड में आने वाले ग्राम मालवर में ग्रामीणों ने सरपंच के साथ मिलकर रेत का अवैध परिवहन कर रहे 17 डंपरों को शुक्रवार सुबह रास्ते में रोक लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक, डंपर के चालकों से रेत परिवहन की रायल्टी मांगी गई। चालकों के पास रायल्टी तो पाई गई लेकिन चिचोली विकासखंड की खदान की थी। इस पर सभी 17 वाहनों को चोपना थाना परिसर में खड़ा किया गया है।

ग्राम पंचायत की सरपंच सहनवती कवड़े ने बताया कि अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। रेत का परिवहन करने वाले वाहनों के कारण सड़कें खराब हो रही हैं। पूर्व में भी कलेक्टर, चोपना थाना और एसडीएम को ज्ञापन दिए गए। लेकिन कोई कारवाई नही की जा सकी। इससे नाराज ग्रामीणों ने आज रेत से भरे वाहनों को रोक लिया। मौके पर ही प्रशासन के अधिकारियों को बुलाया गया।

नायब तहसीलदार चोपना महिमा मिश्रा ने बताया कि रेत के अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर ग्राम टेमरूमाल क्षेत्र से 17 ट्रक/डंपर अवैध रेत का परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किए जाकर थाना चोपना में खड़े करवाए गए हैं। जांच के दौरान उक्त वाहनों में नियमानुसार रायल्टी दस्तावेज नहीं पाए गए हैं। अवैध रेत परिवहन का प्रकरण तैयार कर एसडीएम शाहपुर को प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त वाहनों में मालवर खदान से रेत लाने की जानकारी मिली है।

## दमोह में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बोले

# केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर दलबदल विरोधी कानून में सुधार होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह**। दमोह के हटा तहसील मुख्यालय में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने चितपरिचित अंदाज में भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2018 के चुनाव में जनता ने हमें चुना, लेकिन भाजपा के दलबल ने हमारे बेईमान विधायकों को खरीद लिया और सरकार गिरा दी। हमारी 15 महीने की सरकार ने किसानों के हित मे कार्य किया। बिजली बिल,कर्जमाफी जैसे अनेक कार्य कर घोषणा पत्र का पालन किया। भाजपा ने घोषणा पत्र को भुला दिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ढिंढोरा पीटते कि कर्ज माफ नहीं हुआ जबकि उनके गृहग्राम में उनके रिश्तेदार किसानों का कर्ज माफ हुआ। इसके आंकड़े हमारे पास हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के आइटी सेल अध्यक्ष और बजरंग दल के नेता पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पकड़े गए लेकिन शिवराज सरकार ने उनपर कोई कार्रवाई नहीं की,उल्टे मेरे बयान पर राष्ट्रद्रोह की बात कही गई।इस आरोप पर में खुद पुलिस थाने चला गया तो पुलिस ने बताया कि मेरे खिलाफ कोई केस ही नहीं बनता।

दिग्गी राजा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और प्रधानमंत्री मोदी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए महंगाई और घोटालेबाजों के साथ देने के आरोप लगाए और नीरव मोदी, विजय माल्या से लेकर अडानी तक पर सवाल किए,

दिग्विजय सिंह ने पूर्व मंत्री राजा पटेरिया मामले पर कहा कि उन्हें अकारण फंसाया गया है, भाजपा द्वारा कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकद्दमे बनाने के भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में कांग्रेस नेताओं पर झूठे मामले बनवा रही,सागर के खुरई में तो एक नेता की मिलीभगत से लगातार कांग्रेसियों पर झूठे मामले बनाए जाते हैं। अनेक मामलों एक ही फरियादी है और यदि किसी मामले में फरियादी नही तो गवाह बना है जो प्रकरण के फर्जी होने का सबूत है। भाजपा की ईडी,आइडीसीबीआइ और झूठे प्रकरण बनाने के भय से कांग्रेस नेता परेशान हैं। चुनाव मैदान में कैसे उतरेंगे?

उन्होंने कहा कि अचार संहिता लगते ही कांग्रेसी मैदान में होंगे। दल बदल कर सरकार बनाने के कारण दलिय राजनीति पर मंडराते खतरे से निपटने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस सरकार बनते ही दल बदल रोधी कानून सख्त किया जाएगा और दलबदल करने बालो के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने आरोपियों के एनकाउंटर, हिंदुत्व पर कांग्रेस के रुख, महंगाई आदि के मुद्दे पर बेबाकी से जवाब दिए और आश्वस्त किया कि आगामी चुनाव में भाजपा को घेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे,जनता के मुद्दों पर जोरदार तरीके से आंदोलन करेंगे।

## संपादकीय

### सहन नहीं करेंगे

दो देशों के बीच संबंध केवल आर्थिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक नहीं होता। दोनों के बीच परस्पर सुरक्षा की भावना भी प्रबल होनी चाहिए। ब्रिटेन और भारत के बीच बहुत पुराने संबंध हैं। वहां बड़ी तादाद में भारतीय नागरिक भी रहते हैं, जो ब्रिटेन की सभ्यता और संस्कृति के वाहक हैं, वहां की राजनीति और आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान देते हैं। पिछले दिनों जब आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत दौरे पर आए थे, तब भी हमारे प्रधानमंत्री ने उनसे आस्ट्रेलिया के हिंदू मंदिरों में हुई तोडफ़ोड़ को लेकर सख्त कार्रवाई करने की अपील की थी। उससे भी दुनिया के देशों को यह संदेश गया था कि भारत अपने खिलाफ किसी भी प्रकार का हमला सहन नहीं करेगा। इससे स्वाभाविक ही विपक्ष के उन नेताओं को भी यह संदेश गया है कि सरकार राजनय के मामले किसी भी रूप में ढिलाई नहीं बरतती, जो यह आरोप लगाते रहते हैं कि केंद्र विदेशी मामलों में उचित निर्णय नहीं ले पाती। पिछले महीने खालिस्तान समर्थक कुछ उपद्रवियों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग परिसर में से तिरंगा उतार कर उस पर अपना निशान फहरा दिया था। विचित्र है कि तब ब्रिटिश सुरक्षा कर्मियों ने उन पर शिकंजा कसने में लापरवाही बरती। उस घटना से नाराज भारत ने दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर अपनी सुरक्षा हटा ली। तब ब्रिटेन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए उच्चायोग और उसके कर्मचारियों-अधिकारियों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके अलावा, एक कार्यक्रम में जब भारतीय उच्चायुक्त हिस्सा लेने जा रहे थे, तब उनका इस कदर विरोध किया था कि उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। उस घटना के बाद भारतीय उच्चायोग परिसर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जाने लगी थी। ये सारी बातें अभी तक विदेश मंत्रालय के स्तर पर होती रही थीं, मगर अब प्रधानमंत्री ने सीधे ब्रिटिश प्रधानमंत्री को इस संबंध में आगाह किया है, तो उम्मीद है, इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा।

# तेनालीराम और नीलकेतु



एक बार राजा कृष्णदेव राय के दरबार में नीलकेतु नाम का एक व्यक्ति आया। नीलकेतु काफी दुबला-पतला व्यक्ति था। वो दरबार में पहुंचा और राजा कृष्णदेव राय को बताया कि वो नीलदेश से आया है और अभी वो विश्व देखने के लिए यात्रा पर निकला है। उसने राजा को यह भी बताया कि सभी जगह घूमने के बाद वो राजा के दरबार में पहुंचा है।

यह सुनकर राजा कृष्णदेव राय काफी खुश हुए, फिर राजा ने उसका स्वागत विशेष मेहमान के रूप में किया। राजा द्वारा किए गए सम्मान और सत्कार को देखकर नीलकेतु काफी खुश हुआ। उसने राजा से बोला, 'महाराज, मैं उस जगह के बारे में जानता हूं, जहां कई सारी परियां रहती हैं। मैं अपने जादू से उन्हें बुला भी सकता हूं।' यह सुनकर राजा कृष्णदेव राय काफी खुश हुए और बोले, 'अच्छा, तो इसके लिए मुझे क्या करना होगा?'

यह सुनकर नीलकेतु ने राजा को रात में तालाब के पास आने को कहा और बोला कि वो परियों को मनोरंजन और नृत्य के लिए बुला सकता है। यह सुनकर राजा ने नीलकेतु की बात मान ली। फिर जैसे ही रात हुई, राजा अपने घोड़े पर बैठकर तालाब की ओर चल दिए। राजा जैसे ही तालाब के पास पहुंचे, तो वहां पास ही में एक किले के सामने नीलकेतु राजा का इंतजार कर रहा था। राजा उसके पास पहुंचे, तो नीलकेतु ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि 'महाराज मैंने सारा इंतजाम कर लिया है और सारी परियां किले के अंदर ही मौजूद हैं।'

राजा जैसे ही नीलकेतु के साथ किले के अंदर जाने लगे, तभी राजा के सैनिकों ने नीलकेतु को बंधक बना लिया। यह देख राजा हैरान रह गए, उन्होंने पूछा, 'यह सब क्या हो रहा है? तुम सब ने इसे बंधक क्यों बना लिया है?' उसी वक्त किले के अंदर से तेनालीराम बाहर आए और उन्होंने कहा, 'महाराज मैं बताता हूं कि क्या हो रहा है।'

तेनाली ने बताना शुरू किया, उसने कहा, 'महाराज यह नीलकेतु कोई यात्रा करने वाला नहीं है, बल्कि नीलदेश का रक्षा मंत्री है और उसने धोखे से आपको यहां बुलाया है। किले के अंदर कोई परियां नहीं है। यह सिर्फ आपको यहां मारने के लिए लेकर आया था।'

यह सुनकर राजा ने तेनालीराम को अपनी जान बचाने के लिए धन्यवाद किया और पूछा, 'तुम्हें इस बात का कैसे पता चला तेनाली?'

फिर तेनाली ने कहा कि 'महाराज, पहले दिन ही जब वो दरबार में आया था, उसी दिन मुझे इस पर शक हो गया था। उसके बाद मैंने इसके पीछे अपने साथियों को जासूसी के लिए लगा दिया था। जिससे मुझे पता चला कि यह आपको मारने की योजना बना रहा था।' तेनालीराम की सूझबूझ के लिए राजा कृष्णदेव राय ने उन्हें धन्यवाद दिया।

### कहानी से सीख

किसी भी नए व्यक्ति पर पूरी तरह आंख मूंद कर भरोसा नहीं करना चाहिए। वह आपको धोखा भी दे सकता है। इसलिए, हमेशा अपरिचित व्यक्ति की परखने के बाद ही उसकी बात का विश्वास करना चाहिए।

# लालची लकड़हारे

सो हनपुर गाँव में रामलाल नाम का एक लकड़हारा रहता था। वो अपनी जीविका चलाने के लिए गाँव के पास के ही जंगल से रोज लकड़ियाँ चुनता और उन्हें बेचकर कुछ पैसे कमा लेता था। इसी तरह उसका गुज़ारा चल रहा था।

कुछ दिनों के बाद रामलाल की शादी हो गई। उसकी पत्नी बड़ी खर्चीली थी। इसलिए, अब उतनी लकड़ियों को बेचकर घर चलाना मुश्किल हो गया था। ऊपर से रामलाल की पत्नी कभी नए कपड़े ख़रीदने के लिए, तो कभी किसी दूसरी चीज़ों के लिए रामलाल से बार-बार पैसे माँगती थी। अगर पैसे न मिलें, तो रूठ जाती। रामलाल अपनी पत्नी से बहुत प्यार करता था, इसलिए उसकी नाराज़गी वो बर्दाश्त नहीं कर पाता था।

रामलाल ने ठान लिया कि वो अब ज़्यादा लकड़ियाँ इकट्ठा करके बेचेगा, ताकि उसकी पत्नी को रोज-रोज़ पैसों की कमी न हो।

पत्नी की इच्छा पूरी करने के लिए आज रामलाल घने जंगल तक चला गया और बहुत सारी लकड़ियाँ चुनकर बाज़ार में बेच दीं। ज़्यादा लकड़ियों के ज़्यादा पैसे मिले, तो ख़ुश होकर रामलाल ने सारे पैसे अपनी पत्नी को दे दिए। अब रोज रामलाल ऐसा ही करने लगा।



देखते-ही-देखते उसके मन में लालच इतना बढ़ गया कि उसने धीरे-धीरे पेड़ काटना भी शुरू कर दिया। पेड़ काटने से और ज़्यादा लकड़ियाँ हो जाती थीं और उसे अधिक दाम मिलने लगे। लकड़हारा हर हफ़्ते एक पेड़ काटता और लकड़ियाँ बेचकर मिलने वाले पैसों से अपनी पत्नी के शौक पूरे करता। अब पैसे ज़्यादा आ रहे थे, तो घर भी अच्छे से चल रहा था। धीरे-धीरे रामलाल ने पैसों को जुए में लगाना शुरू कर दिया। जुआ खेलने की लत ऐसी लगी कि रामलाल एक मोटी रक़म इसमें हार गया। अब इस रक़म को चुकाने के लिए रामलाल ने एक-दो मोटे-मोटे पेड़ काटने का फ़ैसला लिया।

जैसे ही रामलाल ने जंगल में जाकर अपनी कुल्हाड़ी को एक बड़े से पेड़ पर चलाने की कोशिश की, तो उसपर पेड़ की टहनी ने हमला कर दिया। रामलाल चौंक गया। फिर उसे पेड़ की एक टहनी ने लपेट लिया। रामलाल कुछ समझ नहीं पाया कि यह सब क्या हो रहा है। तभी पेड़ से आवाज़ आई। ''मूर्ख, तू अपने लालच के चक्कर में मुझे काट रहा है। तू सारे पैसे जुए में लुटा देता है और फिर पैसे लौटाने के लिए पेड़ काटने आ जाता है।''

''तुझे पता है कि पेड़ कितने कीमती होते हैं। हमारे अंदर भी जान बसती है और हम तुम इंसानों को जीने के लिए हवा, धूप में छाया, और भूख को शांत करने के लिए फल देते हैं। लेकिन, तू अपने स्वार्थ के लिए हमें ही काट रहा है।'' पेड़ ने कहा, ''आज तू रूक, यही कुल्हाड़ी मैं अब तेरे ऊपर चलाऊँगी।''

पेड़ की टहनी कुल्हाड़ी से रामलाल पर वार करने ही वाली थी कि वह गिड़गिड़ाने लगा। उसने माफ़ी माँगते हुए कहा, ''मुझसे गलती हुई है, लेकिन मुझे सुधरने का एक मौका दो। अगर आप मुझे मार दोगे, तो मेरी पत्नी का क्या होगा? वो अकेली पड़ जाएगी। आज से मैं किसी पेड़ को नहीं काटूँगा, यह प्रण लेता हूँ।''

यह सब सुनकर पेड़ को रामलाल के ऊपर दया आ गई। उसने रामलाल को छोड़ दिया। छूटते ही रामलाल भागकर अपने घर गया और पैसों के लालच में न आने का संकल्प ले लिया।

### कहानी से सीख

लालच में आकर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। हमें ऑक्सीजन पेड़ से ही मिलती है। इन्हें काटकर हम खुद अपने जीवन में संकट को ला रहे हैं।

## Highlights

1. **Punjab traffic policeman dragged on car bonnet for 1 km, video out**
2. **40 CRPF jawans martyred due to our fault, PM Modi asked me to keep quiet: Satya Pal Malik**
3. **1st pics of suspect who threw bomb at Japan PM Kishida surface online**
4. **She's a Pakistani first: Pak actor after Priyanka calls director Sharmeen 'South Asian'**
5. **30-year-old gangster Prince stabbed to death inside Tihar Jail**
6. **Atiq seeks permission to attend funeral of son killed in encounter**
7. **Raj HC stays Ramdev's arrest in hurting religious sentiments case**
8. **Pipe bomb thrown at Japan PM Kishida during speech**

# James Murdoch's Bodhi Tree cuts planned investment in Reliance JV

**NEW DEIHI, (Agency).** Bodhi Tree, a joint venture between James Murdoch and a former Star India executive, has reduced its planned investment in Reliance's broadcast venture Viacom18 by 70% and will now pump in 43.06 billion rupees ($527.84 million), Viacom18 said late on Thursday.

Indian billionaire Mukesh Ambani's Reliance Industries had said in April last year that Qatar Investment Authority-backed Bodhi Tree would spend 135 billion rupees out of a planned 151.45 billion rupees investment in the media behemoth that is also backed by Paramount Global.

Reliance is now leading the investment with a 108.39 billion rupees infusion.

A source familiar with the matter said the investment amount was reduced due to a broader funding squeeze



amid a slowdown in dealmaking.

Global mergers and acquisitions (M&A) activity shrank to the lowest level in more than a decade in the first quarter of 2023, as rising interest rates, high inflation and fears of a recession soured the appetite of companies for dealmaking.

Reliance, which is expanding in every sector from retail to ecommerce, made its big splash in the Indian streaming space last year, with its acquisition of digital streaming rights for the Indian Premier League T20 cricket tournament from 2023 to 2027.

All matches are currently streamed free of cost for viewers on Viacom18-owned JioCinema. The FIFA World Cup in Qatar last year was also streamed for free.

# 'Hard to eliminate 27,000 roles': Amazon CEO on lay offs, but it will

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon CEO Andy Jassy expressed his confidence that the recent cost-cutting efforts taken by the tech giant will ensure its growth after it had faced challenging periods in the past. In a letter to the shareholders, Jassy said the company's decision to lay off 27,000 employees was 'hard', however, it will prove beneficial in the longer run.

The top official added that the company took a 'deep look' across its businesses and attempted to figure out whether they have the potential to drive enough revenue, free cash flow, operating income and return on investment capital for each invention. He further added that this retrospection led to shutting down of its physical bookstores and 4 star stores as




well as Amazon Fabric and Amazon Care.

"We also reprioritized where to spend our resources, which ultimately led to the hard decision to eliminate 27,000 corporate roles. There are a number of other changes that we've made over the last several months to streamline our overall costs, and like most leadership teams, we'll continue to evaluate what we're seeing in our business and proceed adaptively," Jassy added in the letter.

The tech firm further added that it will keep on hiring staff and continue to 'weight their compensation to stock options rather than cash'.

On Amazon's latest initiatives, Jassy said it is making investments in areas such as artificial intelligence tools such as OpenAI's ChatGPT.

New Delhi

# राजस्थान के 'सबसे गर्म' इलाके में 42 डिग्री पहुंचा तापामन IMD ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजस्थान का सबसे ऊपरी इलाका श्री गंगानगर अपनी सर्दी और गर्मी दोनों के लिए ही जाना जाता है. उत्तर भारत में गर्मी के सितम के बीच शुक्रवार को श्री गंगानगर सबसे गर्म स्थान के रूप में दर्ज किया गया. मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को राजस्थान के कुछ हिस्सों में पारा चढ़ गया और श्री गंगानगर शुष्क राज्य में सबसे गर्म स्थान के रूप में दर्ज किया गया. यहां अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जो इस सीजन में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है. ये वो इलाका है, जो गर्मी में सख्त गर्मी और सर्दियों में कड़ाके की ठंड में नए-नए रिकॉर्ड दर्ज करता रहता है. मौसम विभाग (MeT) के अनुसार, राज्य में कई स्थानों पर दिन का तापमान



38 डिग्री सेल्सियस और 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया. आने वाले दिनों पर मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन-चार दिनों तक अधिकांश स्थानों पर मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहेगा, इस दौरान दिन के समय तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है. हालांकि इसके बाद कुछ राहत के आसार हैं. मौसम विभाग के अनुसार 18 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग के अलग-अलग स्थानों पर एक-दो दिनों तक गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. श्रीगंगानगर के मौसम की बात करें तो आज भी यहां अधिकतम तापमान 42 के पार रह सकता है. हालांकि इसके बाद कुछ राहत मिल सकती है. अगले तीन दिन यानी 16 से 18 तक तापमान में 1-2 पॉइंट की गिरावट दर्ज हो सकती है लेकिन 18 के बाद पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है.

New Delhi

# दिल्ली में बेखौफ हुए बदमाश, भाजपा नेता को ऑफिस के अंदर गोलियों से भूनकर मार डाला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के बिंदापुर इलाके में शुक्रवार शाम भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की उनके ऑफिस में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि दो हमलावर पैदल ही उनके ऑफिस आए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।



बदमाश सुरेंद्र को पांच गोली मारकर आरोपी फरार हो गए। इस हमले में उनके भांजे और एक अन्य की जान बाल-बाल बच गई है।

जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता की हत्या की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बिंदापुर थाना पुलिस ने सुरेंद्र मटियाला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हत्या की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस की कई टीम आरोपियों की जानकारी जुटा रही हैं। सूत्रों ने बताया कि उनका प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद में उनकी हत्या को अंजाम दिया गया है।

Uttarpradesh

### श्रावस्ती में बड़ा सड़क हादसा

# इनोवा कार पेड़ से टकराई, छह की मौत आठ घायल

**श्रावस्ती, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दर्दनाक हादसे में सड़क पर चीख-पुकार मच गई।**

जानकारी के अनुसार, श्रावस्ती के इकौना थाना इलाके के सोनराई गांव के पास शनिवार सुबह छह बजे इनोवा कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में इनोवा कार सवार छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हो गए। कार सवार सभी लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने पंजाब के लुधियाना से इकौना आ रहे थे।

Maharashtra

# पुणे के लोनावाला इलाके में भीषण हादसा, अनियंत्रित होकर 500 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 13 की मौत

**पुणे, (एजेंसी) महाराष्ट्र के पुणे जिले में बड़ा हादसा हो गया है. यहां एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी. इसमें 13 लोगों की मौत हो गई, और 25 लोग घायल हो गए हैं. घटना के बाद जब लोगों ने देखा तो जानकारी पुलिस-प्रशासन को दी. सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया. बस में कई लोग सवार थे, जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है. मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई.**



जानकारी के अनुसार, पुणे के लोनावाला के पास खंडाला घाट इलाके में शिंद्रोपा मंदिर के पास यह हादसा हुआ है. बताया जा रहा है कि यहां से गुजर रही एक बस साइड बैरियर तोड़कर लगभग 500 फीट गहरी घाटी में जा गिरी. यह बस मुंबई से पुणे की ओर जा रही थी.

बस में कई लोग सवार थे, जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है. बस में कुल कितने लोग सवार थे, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. यह हादसा शनिवार की सुबह साढ़े चार बजे हुआ है. हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, 25 लोग घायल हैं.

## खेल

# हैरी ब्रूक के शतक की बदौलत जीता हैदराबाद नीतीश राणा-रिंकू सिंह नहीं दिखा पाए चमत्कार

**कोलकाता, (एजेंसी)** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल के 16वें सीजन में खराब शुरुआत के बाद लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। उसने पंजाब किंग्स के बाद अब कोलकाता नाइटराइडर्स को हरा दिया। हैदराबाद और कोलकाता की टीम शुक्रवार (14 अप्रैल) को ईडन गार्डन्स में आमने-सामने हुईं। मेजबान टीम को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। एडेन मार्करम की कप्तानी में हैदराबाद ने 23 रन से जीत हासिल की।



कोलकाता के कप्तान नीतीश राणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सनराइजर्स ने 20 ओवर में 20 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइटराइडर्स ने 20 ओवर में सात विकेट पर 205 रन बनाकर ही सकी।

कोलकाता को आखिरी ओवर में 32 रन की आवश्यकता थी। रिंकू सिंह और शार्दुल ठाकुर क्रीज पर थे। रिंकू ने गुजरात के खिलाफ 29 रन आखिरी ओवर में चेज कर लिए थे, लेकिन इस बार चमत्कार नहीं हुआ। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर उमेश यादव आउट हो गए। उसके बाद सिर्फ आठ रन ही बने। रिंकू ने एक छक्का लगाया, लेकिन वह काफी नहीं था।

सनराइजर्स के हैरी ब्रूक ने 56 गेंद पर नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। यह आईपीएल के 16वें सीजन का पहला शतक है। कप्तान एडेन मार्करम ने 26 गेंद पर 50 रनों की पारी खेली। अभिषेक शर्मा ने 17 गेंद पर 32 और हेनरिच क्लासेन ने छह गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। मयंक अग्रवाल और राहुल त्रिपाठी नौ-नौ रन बनाकर आउट हुए।

रिंकू सिंह 31 गेंद पर 58 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान नीतीश राणा ने 41 गेंद पर 75 रन की पारी खेली। एन जगदीशन ने 21 गेंद पर 36 रन बनाए। शार्दूल ठाकुर ने 12 और वेंकटेश अय्यर ने 10 रन का योगदान दिया।

आंद्रे रसेल तीन और उमेश यादव नाबाद एक रन ही बना सके। रसेल ने गेंदबाजी में तीन विकेट तो लिए, लेकिन बल्लेबाजी में वह फेल रहे। गेंदबाजी के दौरान वह चोटिल हो गए थे। उन्हें मैदान से बाहर भी जाना पड़ा था। हालांकि, वह किसी तरह बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन कमाल नहीं कर सके। रहमनुल्लाह गुरबाज और सुनील नरेन खाता नहीं खोल सके।

## सिनेमा

# सलमान खान के शूटिंग सेट पर लड़कियों के कपड़ों पर पलक तिवारी ने फिर किया रिएक्ट, कहा- 'मेरी बात का गलत मतलब..'



अभिनेता सलमान खान के साथ फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। पलक इससे पहले सलमान खान के साथ बतौर एडी असिस्टेंट फिल्म अंतिम में काम कर चुकी हैं। हाल ही में पलक ने सलमान खान की लड़कियों के शूटिंग सेट पर कपड़ों को लेकर बात कही थी। ऐसे में अब उनका कहना है कि उनकी बात को गलत तरीके से समझा गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में पलक तिवारी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'दरअसल इस बात को लोगों ने गलत तरीके से समझा है। मैं सिर्फ ये कहना चाह रही थी कि मैंने कुछ नियम कायदे बनाए हैं कि कैसे मैं अपनों से सीनियर के आगे ड्रेसिंग करूंगी, ऐसे जिनको मैं देखती हुई बड़ी हुई और उन्हें काफी मानती हूं। सलमान खान सर भी उन में से एक हैं।' बता दें कि इससे पहले पलक तिवारी ने सिद्धार्थ कनन संग इंटरव्यू के दौरान कहा था, 'जब मैं फिल्म अंतिम में सलमान खान खान को बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर असिस्ट कर रही थी, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों को पता है ये बात लेकिन उनका रूल था कि कोई भी लड़की मेरे सेट पे, लो नेकलाइन वाले कपड़े नहीं पहनेगी। लड़कियों का ढका होना जरूरी है, अच्छी लड़कियों की तरह।'

# पत्नी को उतारा मौत के घाट

## सिलबट्टे से वार कर पति हुआ फरार, पुलिस कर रही तलाश

**इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में बीती रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक जा पहुंची। इसके चलते पत्नी के सिर पर सिलबट्टा मार दिया और बैग लेकर फरार हो गया। महिला की आज सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस हत्या के आरोपी पति की तलाश कर रही है।**

टीआई दिनेश वर्मा के अनुसार सूचना मिली थी कि दरगाह के पास कर्बला मैदान में स्थित एक घर में महिला घायलहालत में पड़ी है तत्काल उसे एमवाय अस्पताल



भिजवाया गया। जिसकी आज सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका का नाम रुखसाना बी पति इरफान है। टीआई वर्मा ने बताया कि इरफान एक दिन पहले ही यहां किराए के मकान में रहने पत्नी के साथ आया था। बताते हैं कि इरफान का घरेलू बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया इस पर इरफान ने घर के किचन में रखा सिलबट्टा उसके सिर पर मार दिया और घर में रखा बैग लेकर भाग गया जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। खजराना पुलिस ने आरोपी इरफान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# शातिर लूटेरों से 5 मोबाईल बरामद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ पुलिस ने शातिर मोबाइल स्नैचरों को पकड़कर उनके पास से लूटे गए पांच मोबाइल बरामद किए हैं। बदमाश अपने साथी राईडर के साथ झपट्टा मारवारदात को अंजाम देता था। आरोपियों व्दारा थाना पलासिया, तुकोगंज, अन्नपुर्णा व अन्य क्षेत्रो में वारदातों को अंजाम दिया गया।**

थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि भवरकुआं की टीम द्वारा ईलाका भ्रमण के दौरान संदिग्ध बदमाश को पकडा जिससे बदमाश की पहचान प्रिंस गोडवानी के रुप में हुई । बमदाश से विस्तृत पूछताछ करते बदमाश से मोबाईल फोन जिसमें सैमसंग, वीवो, रियलमी व ओप्पो कम्पनियो के कुल 5 मोबाईल मिले। जो उसने थाना पलासिया, तुकोगंज, अन्नपुर्णा व अन्य क्षेत्रो में स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देकर फोन लूट की घटनाएं थी। आरोपी से लूटे गए 5 मोबाइल सहित घटना में प्रयुक्त एक ग्रै कलर की एक्टीवा भी पुलिस ने जप्त की गई। बदमाश अपने साथी राईडर के साथ झपट्टा मार, करता था मोबाईल फोन छिनने की वारदात, जिसमें उसके अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

बदमाश के व्दारा थाना तुकोगंज क्षेत्र में भी एक सोने की चेन स्नैचिंग की वारदात को करना स्वीकार किया है, उक्त घटना के अलावा अन्य वारदातो के संबंध में थाना तुकोगंज पुलिस के व्दारा भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है । आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में विवेचना जारी है जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# 6 दिनों में 169 की काली फिल्म निकलवाई

## यातायात पुलिस के अभियान में लगातार हो रही कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यातायात प्रबंधन पुलिस, द्वारा बेहतर यातायात प्रबंधन और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्यवाही के साथ- साथ वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाने पर ना केवल जुर्माना किया जा रहा, अपितु मौके पर काली फिल्म उतरवाई भी जा रही है।**

विगत 6 दिनों में यातायात प्रबंधन पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा 169 ऐसे कार/जीप पर कार्रवाई की गई जिनके शीशों पर काली फिल्म लगी हुई पाई गई थी। टीमो द्वारा यातायात प्रबंधन के दौरान कार/जीप के शीशों पर ब्लेक फिल्म लगी होने पर वाहन चालकों को समझाइश दी गयी और मौके पर शीशों से फिल्म उतरवाकर, जुर्माना कर समन शुल्क राशि वसूली गयी। वाहन चालक को यातायात नियमो का पालन कर वाहन चलाने की हिदायत लगातार दी जा रही है, नियमो का उल्लंघन करने पर प्रभावी कार्यवाही भी यातायात प्रबन्धन पुलिस की टीमों द्वारा की जा रही हैं।

# अधेड़ ने खुद को मारा चाकू, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के प्रजापत नगर में पीटर फर्नाडीस अपने भाई के साथ रहता था। वे मूलरूप से गोव के रहने वाले थे। दोनों भाईयों ने पहले शराब पी और फिर साथ में खाना खाया इसके बाद पीटर का भाई जब सो गया तो उसने धारदार हथियार से खुद पर कई वार किए जिसमें वह बुरी तरह ज मी हो गया। अधिक खून निकलने के चलते उसकी मौत हो गई। जब भाई सुबह उठा तो उसे घटना का पता चला। वह पीटर को खून से लतपत देख डर गया और कुछ समय तक चुपचाप ही बैठा रहा। बाद में पड़ोस में रहने वाले किराएदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना प्रजापत नगर में रहने वाले पीटर उर्फ एडनलू फर्नाडीस (50) के साथ हुई। मृतक पीटर अपने भाई के साथ एक ही मकान में रहते थे। वे मूलरूप से गोवा के रहने वाले थे। दोनो यंहा मजदूरी करते थे। गुरूवार रात दोनों काम से लौटे और एक साथ बैठकर पहले शराब पी और खाना खाया जब पीटर का भाई सो गया तो इसके बाद पीटर ने चाकू ढूंढा और उससे खुद के शरीर पर कई वार किए।

# नो-पार्किंग में खड़ी निजी ट्रेवल्स की बसों को हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। यातायात प्रबंधन पुलिस की क्यूआरटी टीम 51,52 द्वारा मधुमिलन चौराहा से गीताभवन चौराहा तक पिपलियाहाना पैदल भ्रमण कर माइक से एनाउंस कर सुगम यातायात हेतु प्रभारी कार्यवाही की गई। इस दौरान ढक्कन वाला कुआँ पर नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी यातायात को बाधित कर रही हंस ट्रेवल्स की बसो पर कार्यवाही कर बसो को सड़क से हटवायाड्ड गया। कार्यवाही पश्चात यातायात सुगम हुआ, सड़के पूर्व की अपेक्षा चौड़ी नजर आयी। कृपया जिम्मेदार नागरिक बनें, यातायात नियमो का पालन कर, सावधानी से वाहन चलायें, स्वयं सुरक्षित रहे व दूसरो को भी सुरक्षित रखें।



## पत्नी को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्कीम 71 में रहने वाली एक महिला को उसके पति ने पीट दिया। आरोपी अपने एक साल के बच्चे को भी मार रहा था। पत्नी ने उसे रोका तो उसे भी पीट दिया। लक्ष्मी पंचोले(20) निवासी स्कीम नंबर 71 की शिकायत पर उसके पति शंकर के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि पति उनके एक साल के बेटे शुभम को मार रहा था उसने पति से बोला कि इतने छोटे बच्चे को क्यों मार रहे हो शमर्ण नहीं आ रही है। इस पर आरोपी ने बच्चे को तो छोड़ दिया लेकिन उसके साथ में विवाद करना शुरू कर दिया विरोध किया तो उसे पीट दिया।

## युवक पर हमला

इंदौर। मामूली बात पर युवक के साथ मारपीट कररुस पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। परदेशीपुरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला नंदीग्राम कलाली ग्राउंडी मालवा मिल का है यंहा सोनू पिता पूनमचंद पंवार निवासी सुदामा नगर ई-सेक्टर को सोनू निवासी द्वारकापुरी और टावर निवासी लाबरिया भेरू ने उन्हें मोटरसाइकिल से अपने गन्तवय की अरो ले जाने के लिए कहा इस पर जब सोनू ने इनकार किया तो आरोपी आवेश में आ गए और उन्होंने सोनू के साथ मारपीट करते हुए उसे धमकाया कि आगे से उन्हें बाइक पर बैठाने से मना किया तो उसे जान से खत्म कर देंगे।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।